>

Title: Need to construct rail under-pass on Ratangarh-Sardarshahar and Sadulpur-Hanumangarh sections in Churu parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू):संसदीय क्षेत्र चुरू राजस्थान में रतनगढ-सरदारशहर वह सादुलपुर-हनुमानगढ़ खंड का आमान परिवर्तन होने जा रहा है। इन दोनों ही खंडों पर आने-जाने वो रास्तों पर मानवरहित/मानवसहित/रेल अंडर पास नहीं होने के कारण ग्रामीणों के समक्ष विकट संकट पैदा हो गया है। ग्रामीणों के सैंकड़ों वर्षों के रास्ते बंद होने जा रहे हैं। बड़ी लाइन गिरने के पश्चात तो यह संकट और भी विकट हो जाएगा। बड़े वाहनों की बात तो छोड़िए किसान अपने खेत में ऊँटगाड़ा तक को नहीं ले जा सकता। उक्त दोनों खंडों पर किसान धरने पर बैठे हुए हैं। रेलवे, राज्य सरकार व राज्य सरकार रेलवे पर जिम्मेदारी डाल रही है। यही स्थिति लोहारू-सादुलपुर-चुरू-रतनगढ़ रेल लाइन के पास पड़ने वाले गाँवों के रास्तों की है। दिनांक 09.11.2012 को उक्त खंड के गुगलवा-किरतना हॉल्ट स्टेशन के पास रेल लाइन पर क्रॉसिंग नहीं होने के कारण बोलेरो में बैठे चार व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गयी। सादुलपुर-झूम्पा रेल लाइन के सड़क/कटानी रास्तों पर रेल समपार निर्माण की आवश्यकता है। रेलवे को रेल लाइन क्रॉसिंग की नीति में परिवर्तन करना च हिए ताकि इस समस्या का समाधार किया जा सके। मैं काफी समय से इसकी मांग कर रहा हूँ। बार-बार अधिकारियों/सरकार को इस विकट समस्या से अवगत करवाया है, लेकिन कोइ परिणाम नहीं निकला। ये रेल सुरक्षा से जुड़ा हुआ मुद्दा है। मेरी सरकार से मांग है कि जनता की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए सैंकड़ों वर्षों के कटानी मार्गों व खेतों के रास्तों पर मानव सहित/मानव रहित/रेल अंडर पास का निर्माण करवाकर जनता की महत्वपूर्ण मांग को पूरा किया जाए।